वार्षिक रिपोर्ट
2016–17

14
अध्याय

# महिलाओं का सशक्तिकरण

# महिलाओं का सशक्तिकरण

सीआईएल और एनएलसीआईएल में महिला सशक्तिकरण का ब्यौरा इस प्रकार है:

## कोल इंडिया लिमिटेड

01.01.2017 की स्थिति के अनुसार, सीआईएल में कुल 21159 महिला कर्मचारी सेवारत थीं। यह कुल श्रमशक्ति का 6.74% हैं। महिला कार्यपालकों की संख्या करीब 1006 है तथा शेष कार्यपालक वर्ग की नहीं हैं। कोल इंडिया में पुरुषों के मुकाबले महिला कर्मचारियों की कम संख्या मुख्यतः काम की प्रकृति ही है। कोयला खनन का काम मूलतः श्रमसाध्य एवं जोखिमपूर्ण है। साथ ही, भूमिगत खानों में महिला कर्मचारियों के प्रवेश निषेध के बारे में भी विनियम है। अधिसंख्यक महिला कार्यपालक प्रशासनिक विभागों, यथा–कार्मिक, वित्त, सीएसआर कार्य आदि से संबंधित हैं।

मातृत्व–हित लाभ अधिनियम एवं समान पारिश्रमिक अधिनियम के प्रावधानों का कार्यान्वयन किया जा रहा है जिससे कंपनी की महिला कर्मचारी लाभान्वित हो रही हैं।

सीआईएल ने परिचारिका प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना की है जिसमें प्रशिक्षणार्थी परिचारिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे उद्योग के अंदर या उसके आस–पास रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।

महिला मण्डल, महिला समिति तथा ऐसे ही अन्य मंच कोलफील्ड के विभिन्न एककों/संस्थानों में काम कर रहे हैं और वे महिला कर्मचारियों और उन पर आश्रितों के कल्याण कार्यों की देख–रेख कर रहे हैं। समय–समय पर संगोष्ठियों, सम्मेलनों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सांस्कृतिक क्रियाकलापों का आयोजन किया जा रहा है।

मजदूरी समझौते के अनुसार सेवा अवधि के दौरान मृत्यु को प्राप्त कर्मचारियों के महिला आश्रितों को रोजगार अथवा मौद्रिक क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है।

राष्ट्रीय महिला आयोग के दिशा–निर्देशों के आधार पर एक महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जो भेद–भाव एवं यौन उत्पीड़न के विरुद्ध महिला कर्मचारियों की शिकायतों की जांच करता है।

कोयला उद्योग में 'बाल देखभाल अवकाश' गैर–कार्यपालक संवर्ग की महिला कर्मचारियों के लिए कार्यान्वित किया गया है।

कोलकाता तथा सहायक कंपनियों में सार्वजनिक क्षेत्र प्रकोष्ठ में महिलों के लिए एक मंच की स्थापना की गई है। प्रत्येक डब्ल्यू आई पी एस प्रकोष्ठ की अध्यक्षता एक समन्वयक करता है जो विधिवत गठित एक समिति की सहायता से मंच के क्रियाकलापों की योजना बनाता है तथा उन्हें निष्पादित करता है। कंपनी डब्ल्यू आई पी एस के कार्यकलापों में सक्रिय सहयोग देती है जिनमें कल्याण, प्रशिक्षण एवं विकास कार्य, संगोष्ठियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, औद्योगिक चेतना दौरा स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आदि शामिल हैं। हाल के वर्षों में डब्ल्यूआई पी एस प्रकोष्ठ ने निचले स्तर पर महिला कर्मचारियों में प्रचार–प्रसार, लाभदायक रोजगार, प्रशिक्षण के बारे में सुझाव तथा असाधारण उपलब्धियों एवं अपवादात्मक प्रतिभा को मान्यता तथा सम्मान देकर उनके नैतिक बल को बढ़ाने का प्रशंसनीय कार्य किया है।

➢ वर्ष 2015–16 में कोल इंडिया लिमिटेड – डब्ल्यू आई पी एस (मुख्यालय) द्वारा किए गए कार्यकलाप

- कामकाजी महिलाएं– 'शहरी चुनौतियां' के थीम पर कोल इंडिया लि. मुख्यालय में 04.10.2016 को एक वार्षिक सेमीनार का आयोजन किया गया था। श्रीमती अमिति अग्निहोत्री, आईएएस, सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली इस सेमीनार में मुख्य अतिथि थीं।
- डब्ल्यूआईपीएस के क्षेत्रीय कार्यकारी निकाय, ईस्टर्न चैप्टर द्वारा इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लि., धारुरिया, कोलकाता में 23.09.2016 को आयोजित 'सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट' विषय पर हुई कार्यशाला के लिए दो महिला कर्मचारियों को नामित किया गया था।
- रक्षाबंधन और मैत्रीदिवस के अवसर पर वीआईपीएस के सदस्यों ने मैत्री भाव तथा पारिवारिक मेल जोल के भाग के रूप में कोल इंडिया लि. कार्यालय

परिसर में दिनांक 05 अगस्त, 2016 को एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें ईश्वर संकल्प, मेंटैड, प्रत्यूश, बोधना, बेहला, बोधयान आदि जैसे गैर–सरकारी संगठनों ने खिलौनों, बेगों, जेम, जैली, राखी, फ्रेंडशिप बेंड आदि जैसी कुटीर निर्मित वस्तुओं की उचित मूल्यों पर लगाई गई प्रदर्शनी में भाग लिया।

- इन्हीं गैर–सरकारी संगठनों द्वारा क्रिसमस के उपलक्ष्य में 22.12.2016 को एक विंटर कार्निवल का आयोजन भी किया गया।
- बेहला, बोधयान, नामक गैर–सरकारी संगठन ने कोलकाता में 22 जनवरी, 2017 को 'बच्चे बहुमूल्य हैं' नामक विषय पर एक बड़ी रैली का आयोजन किया। ये संगठन मंदबुद्धि बच्चों ऑटिज्म, सेरिब्रल पाल्सी + बहुविकलांगता से पीड़ित बच्चों के माता–पिताओं एवं डब्ल्यूआईपीएस सामाजिक एकीकरण से संबद्ध हैं। सीआईएल ने इस रैली में भाग लेने वाले लागों में वितरण के लिए 300 खाद्य पदार्थ पैकेटों के माध्यम से 30,000 (केवल तीस हजार रुपए) रुपए की राशि सहायतार्थ दी।

## नेयवेली लिग्नाइट कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

नेयवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. में 31 दिसंबर, 2016 तक महिला कर्मचारियों की संख्या 1125 थी जिसमें 325 कार्यपालक थीं। उनकी क्षमता के विकास के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

- ➢ एक डॉक्टर सहित वरिष्ठ महिला कार्यपालकों की समिति का गठन किया गया ताकि कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाया जा सके।
- ➢ सेवारत महिला कर्मचारियों के लाभार्थ 'अनबालय' नामक शिशुसदन की शुरूआत की गई जिसमें प्रशिक्षित कार्मिक सेवारत हैं।
- ➢ डब्ल्यूआईपीएस/नेवेली ने स्तनपान के महत्व का प्रचार करने के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया।
- ➢ डब्ल्यूआईपीएस के एनएलसी इंडिया लि. चैप्टर ने महिला कर्मचारियों के लाभ के लिए कई खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यकलाप, सामूहिक परिचर्चाओं का आयोजन भी किया है।